अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के सभागार में दिनाँक 14–10–2015 को नगर निगम फरीदाबाद के सहयोग से "हमारे सपनों का शहर" विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. केन्द्र सरकार की योजना के अन्तर्गत भारत के 100 शहरों को "स्मार्ट शहर" बनाने की मुहिम में फरीदाबाद को भी सम्मिलित किया गया है. इस प्रयास के लिए नगर निगम फरीदाबाद के अधिशासी अभियंता श्री रमेश बंसल और योजना निदेशक श्री कृष्ण राज के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं और प्राध्यापकों के सुझाव आमंत्रित किए गए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बल्लबगढ़ क्षेत्र के विधायक श्री मूल चन्द शर्मा उपस्थित थे. उन्होंने वहाँ उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र को सुधारने में केवल सरकार की नहीं बल्कि जन–सामान्य की भी भागीदारी आवश्यक है. जन–सहयोग व भागीदारी के बिना कोई भी कार्य पूरा नहीं हो सकता. कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने बताया कि इस पहल को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उमंग व उत्साह है, आवश्यकता है उचित मार्ग दर्शन की. योजना निदेशक श्री कृष्ण राज ने फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मूलभूत ढ़ाँचे के विकास के साथ–साथ शहर में शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, यातायात व हरियाली के स्तर को सुधारने की प्राथमिकता है. कॉलेज के विद्यार्थियों कुणाल, पूजा जोशी, स्वाति, वैशाली, मानसी और सागर ने स्वच्छता, महिला सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, चिकित्सा सुविधाओं, सार्वजनिक यातायात की व्यवस्था, जल–संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, शिक्षा सुधार इत्यादि विषयों पर सुझाव दिए गए. वरिष्ठ प्रवक्ता श्री अशोक कौशिक ने बताया कि विकास और सुधार की गति निरन्तर होनी चाहिए तभी स्थायित्व आ सकेगा. स्मार्ट सिटी बनाने के लिए लोगों का स्मार्ट होना ज़रूरी है, जो अपने अधिकारों की अपेक्षा कर्त्तव्यों पर अधिक ध्यान दें.